# संगठनात्मक विस्तार, सामाजिक प्रभाव, सद्भाव और एकता पर होगा चिंतन

## मार्च 2024 की तुलना में शाखाओं की संख्या में 10 हजार की वृद्धि

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का उद्घाटन सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने जनसेवा विद्या केंद्र, चन्नेनहल्ली में भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करते हुए किया। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के उद्घाटन दिवस पर सह सरकार्यवाह मुकुंद सीआर ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बैठक में देशभर से 1482 कार्यकर्ता उपस्थित हैं।

हर वर्ष अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक देश और समाज की प्रमुख हस्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ शुरू होती है। उन्होंने कहा कि अधिकांश समय संघ के कार्यों का विश्लेषण और योजना बनाने में व्यतीत होगा। संघ स्थापना का यह 100 वां वर्ष है। प्रतिनिधि सभा में संघ कार्य से सामाजिक प्रभाव और समाज में बदलाव

■ **देशभर में आयोजित प्रारंभिक वर्गों में 2,22,962 स्वयंसेवकों की सहभागिता**

लाने पर चर्चा, विचार-विमर्श होगा। उन्होंने बताया कि, 51,570 स्थानों पर प्रतिदिन कुल 83,129 शाखाएं संचालित की जाती हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10,000 से अधिक हैं, गत वर्ष यह संख्या 73,646 थी। साप्ताहिक मिलन में पिछले वर्ष की तुलना में 4,430 की वृद्धि हुई है, जहां शाखाओं और मिलन की कुल संख्या 1,15,276 है।

सह सरकार्यवाह ने कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष के दौरान कार्य के विस्तार की दिशा में काम कर रहा है, उसमें ग्रामीण मंडलों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है। संघ ने संगठनात्मक योजना के तहत देश को 58,981 ग्रामीण मंडलों में विभाजित किया है, जिनमें से 30,717 मंडलों में दैनिक शाखाएँ और 9,200 मंडलों में साप्ताहिक मिलन चल रहे हैं।

सह सरकार्यवाह ने सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले जी द्वारा प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन की मुख्य विषयों को लेकर बताया कि सरसंघचालक ने अपने प्रवास के दौरान देश में प्रमुख लोगों से मुलाकात की। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश का भी दौरा किया, जहां डोनी-पोलो मंदिर के दर्शन किए। शहीद अब्दुल हमीद के पैतृक गांव का दौरा किया और उनकी जीवनी का विमोचन किया।

सरसंघचालक और सरकार्यवाह ने मुंबई में इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन, बीएपीएस, भारत सेवाश्रम, चिन्मय मिशन जैसे वैश्विक विस्तार वाले हिन्दू और आध्यात्मिक संगठनों के प्रमुखों और शीर्ष पदाधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि धार्मिक संगठनों के साथ ऐसी बैठकें हर 2 साल में एक बार होती हैं और यह 5वीं बैठक थी। सरकार्यवाह ने कन्याकुमारी में सेवा भारती कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें स्वयं सहायता समूह की 60,000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। आरएसएस100 की स्थिति और 1925 से स्वयंसेवकों की संख्या को लेकर पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि आज देश में एक करोड़ से अधिक स्वयंसेवक हैं। स्वयंसेवक सेवा, ट्रेड यूनियन, किसान आदि विभिन्न क्षेत्रों में काम करते हैं। संघ से जुड़ने वाले अधिकांश लोग 12-14 और 15-20 वर्ष की आयु वर्ग के हैं। हालांकि कई लोग 40 की उम्र के बाद भी संघ से जुड़ते हैं, लेकिन अधिकांश बच्चे ही इसमें शामिल होते हैं।

# तालाब में डूबे युवक का फिलहाल पता नहीं चल सका

**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके में तालाब में एक युवक के डूबने का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया है कि उसके दोस्त ने फोन कर पुलिस को साथी के डूबने की सूचना दी। पुलिस ने एसडीआरएफ टीम की मदद से तालाब में डूबे युवक के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया है।

जांच अधिकारी एसआई छगनलाल ने बताया कि मामला मुहाना गांव स्थित तालाब का है। करीब 20 बीघा में 20-25 फीट गहरा तालाब बना हुआ है। गुरूवार देर रात करीब 12 बजे एक युवक ने पुलिस को फोन कर सूचना दी कि तालाब में उसका दोस्त गिर गया है। तालाब में युवक के डूबने की सूचना पर मुहाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने रात के अंधेरे में ही एसडीआरएफ टीम को बुलाकर डूबे युवक के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। अंधेरे के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन कुछ घंटे ही चलाकर बंद कर दिया गया। वहीं अगले दिन शुक्रवार सुबह 6 बजे दोबारा तालाब में डूबे युवक की तलाश में सर्च ऑपरेशन चला गया। एसडीआरएफ टीम के घंटों तलाश के बाद भी डूबे युवक का पता नहीं चल सका है।

## जीजा ने किया साली से दुष्कर्म

**जयपुर।** सोडाला थाना इलाके में साली ने अपने जीजा पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि सोडाला इलाके की रहने वाली 23 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि उसके जीजा ने ही उसके साथ दुष्कर्म किया है। अगस्त-2023 में आरोपी जीजा ने साली के मोबाइल में खुद के अकाउंट-पासवर्ड से इंस्टाग्राम व फेसबुक आईडी बना दी। इसके जरिए आरोपी जीजा जबरन उससे कॉल व मैसेज कर बात करने लगा। डरा-धमकाकर आरोपी जीजा ने उसे आर्य समाज झोटवाड़ा ले जाकर शादी कर ली। शादी की बात किसी को बताने पर धमकाकर दुष्कर्म किया। इस बारे में किसी को भी बताने पर परिवार को बुरा अंजाम करने की धमकी दी।

# कालीतीर योजना के लिए 642.88 करोड़ रूपये के कार्यादेश जारी

**जयपुर।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि धौलपुर जिले की कालीतीर योजना के टेन्डर 11 जनवरी 2023 को जारी कर स्वीकृति उपरांत 15 मई 2023 को 642.88 करोड़ रूपये के कार्यादेश जारी किये है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा वर्ष 2025-26 में धौलपुर लिफ्ट परियोजना तथा कालीतीर परियोजना के समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु 950 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का सिंचित क्षेत्रीय विकास मंत्री की ओर से जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि धौलपुर लिफ्ट परियोजना में 834 करोड़ रुपए के कार्य किये जाने थे। इसमें से 534 करोड़ रुपए व्यय किये जा चुके हैं।

इसी प्रकार कालीतीर परियोजना में 171 करोड़ रुपए खर्च किये गए हैं। उन्होंने कहा कि धौलपुर लिफ्ट परियोजना के कार्य इसी वर्ष पूरे होने संभावित हैं।

■ **विधानसभा में विधायक रोहित बोहरा के प्रश्न पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने जवाब दिया**

इससे पहले विधायक रोहित बोहरा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में जल संसाधन मंत्री ने बताया कि वर्तमान में कालीतीर योजना पर 197.94 करोड़ रूपये व्यय कर 30 प्रतिशत वित्तीय प्रगति अर्जित की गयी है। भौतिक रूप से कार्य वन्यजीव एवं वन विभाग से स्वीकृति उपरांत किया जाना प्रस्तावित है। कार्य को पूर्ण करने की संभावित तिथि 24 नवम्बर है।

## महिला भजन प्रतियोगिता का आयोजन

**जयपुर।** सामाजिक समरसता गतिविधि जयपुर के अंतर्गत श्री हनुमान भक्त मंडल, मानसरोवर के तत्वावधान में रविवार को महिला दिवस एवं होली के पावन अवसर पर मातेश्वरी महादेव मंदिर, मानसरोवर में भव्य महिला भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक अजय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में मानसरोवर और पटेल नगर की 17 भजन मंडलियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं ने भजन और नृत्य प्रस्तुत कर भक्ति रस की अनूठी छटा बिखेरी। इस अवसर पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य सतीश ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि मधुलता और कुसुमलता मुख्य अतिथि रहीं।

मधुलता ने अपने संबोधन में पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं से हिंदू धर्म एवं संस्कृति के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए आगे आने का आव्हान किया।

# सांस्कृतिक सप्ताह फ्लेयर एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**जयपुर।** श्री भवानी निकेतन महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सांस्कृतिक सप्ताह फ्लेयर और स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. मीना राठौड़ के अनुसार इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति दिवस छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

गतिविधियों के अंतर्गत- रंगोली, मेहंदी, सलाद-सजा, पुष्प सज्जा पार्टी स्नेक्स, नेल आर्ट, फैंसी ड्रेस, एकल,युगल लोकनृत्य और फिल्मी नृत्य, स्टैंड अप कॉमेडी, काव्य-पाठ,

■ **छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया**

कहो-कहानी, गायन, टैटू मेकिंग, स्पेल बी आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों के रचनात्मक कौशल को दिशा प्रदान की गई। सभी छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 8 मार्च को स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत छात्राओं के लिए फैशन शो एवं रैम्प वॉक का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने सहोत्साह भाग लिया। बी.ए अंतिम वर्ष की छात्रा कु. दीपिका जाटव को मिस फेयरवेल का ताज पहनाया गया।

बी ए अंतिम वर्ष की छात्रा कु. भूमिका चेलानी को मिस कॉन्फिडेंस और बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्रा कु. नेहा शेखावत को मिस चार्मिंग का खिताब प्रदान किया गया। प्राचार्या डॉ. मीना राठौड़ ने सभी छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि एक सुंदर भविष्य आपके सामने खड़ा हुआ है। आप सभी अपने कार्यों से अपने परिवार, अपने समाज, देश और महाविद्यालय का नाम रोशन करें। कार्यक्रम प्रभारी डॉ.निहारिका राठौड़ एवं डॉ. ज्योति पालावत रही।

# राजस्थान दिवस की तैयारियों पर मंथन किया

**जयपुर।** मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 25 मार्च को प्रस्तावित विभागीय कार्यों/योजनाओं की समीक्षा बैठक की पूर्व तैयारी के मद्देनजर शुक्रवार को शासन सचिवालय में शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिक्षा शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने राजस्थान दिवस की पूर्व तैयारियों के साथ विभागीय योजनाओं, बजट

■ **शिक्षा शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने ली विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक**

घोषणाओं और वित्तीय प्रावधानों की विस्तृत समीक्षा की और सभी सह-विभागों की कार्य योजनाओं, प्रगति एवं उपलब्धियों का बिंदुवार आकलन किया।



**मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 25 मार्च को प्रस्तावित विभागीय कार्यों/योजनाओं की समीक्षा बैठक की पूर्व तैयारी के मद्देनजर शुक्रवार को शासन सचिवालय में शिक्षा विभाग की बैठक शिक्षा शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने ली।**

शिक्षा शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने बैठक में विद्यार्थियों की संख्या, परीक्षा परिणाम, बुनियादी सुविधाएं, कौशल विकास, विकास कार्य, मूल्यांकन, मिड डे मील, दिव्यांग बालकों की शिक्षा के संबंध में किए जा रहे प्रयासों, जनजाति क्षेत्रों में विभिन्न मुद्दों की अद्यतन स्थिति, संपर्क पोर्ट्ल पर लंबित परिवादों व निस्तारण, विगत तीन वर्षों का बोर्ड परिणाम और रिक्त पदों सहित अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान और विभाग के लंबित मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की।

इस दौरान कुणाल ने बजट घोषणा 2024-25 एवं वित्तीय प्रावधानों से संबंधित पत्रावलियों का निरीक्षण किया। साथ ही राइजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों से अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य में बालिका सैनिक स्कूल और ग्राम पंचायत कैमरी में प्रस्तावित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की स्थापना कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएं।

शासन सचिव ने राजकीय और बालिका आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण देने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने, फर्नीचर की उपलब्धता बढ़ाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु आईसीटी लैब्स व अटल टिंकरिंग लैब्स स्थापित करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में विभाग की अब तक की उपलब्धियों एवं नवाचारों का संज्ञान लिया।

## सुधा चन्द्रन आज नृत्य प्रस्तुति देंगी

**जयपुर।** प्रसिद्ध फिल्म और टीवी कलाकार तथा नृत्यांगना सुधा चन्द्रन मुम्बई से आए अपने सहकलाकारों के साथ शनिवार को राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर (आर.आई.सी.) के मुख्य आडिटोरियम में संध्या 6.30 बजे से नृत्य प्रस्तुत करेगी ।

सुधा चन्द्रन विश्व प्रसिद्ध कृत्रिम अंग जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) के स्वर्ण जयन्ती समारोह में यह प्रस्तुति मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और आमन्त्रित अतिथियों की उपस्थिति में प्रस्तुति देगी। वह जयपुर फुट की ब्रांण्ड एम्बेसेडर भी हैं। बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता ने बताया कि सुधा चन्द्रन को 1981 में जब वह 16 वर्ष की थी, तमिलनाडू में एक सड़क दुर्घटना के कारण अपने दायें पैर को खोना पड़ा था। लेकिन एक पैर काटे जाने के बावजूद अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति के बूते पर वह जयपुर आई और जयपुर फुट लगाकर चलने लगी।

आत्मबल और विश्वास के साथ उन्होंने जयपुर फुट लगाकर अभ्यास शुरू किया और कुछ ही दिनों में वह भारत नाट्यम और अन्य नृत्य में पारंगत हो गई और देश विदेश में अपनी कला का प्रदर्शन करने लगी।

## ध्रुपद यात्रा में डागर घराने की समृद्ध विरासत की खूबसूरती से दर्शाया

**जयपुर।** संगीत, परंपरा और कला का शानदार संगम ध्रुपद यात्रा 2025 जयपुर में सफलतापूर्वक आयोजित की गई, जिसमें हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के कुछ सबसे प्रतिष्ठित नाम एक साथ आए। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के उदार समर्थन के माध्यम से संभव हुआ, साथ ही राजस्थान सरकार कला और संस्कृति विभाग, राजस्थान अंतर्राष्ट्रीय केंद्र जयपुर, राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका), राजस्थान राज्य खान और खनिज लिमिटेड, कॉल प्रो प्रोजेक्ट, रेनबो पैलेट फाइन आर्ट अकादमी और जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज सहित सम्मानित भागीदारों के साथ।



डागर अभिलेखागार संग्रहालय जयपुर और उस्ताद इमामुद्दीन खान डागर भारतीय संगीत कला और संस्कृति सोसायटी द्वारा शबाना डागर और इमरान डागर के दूरदर्शी मार्गदर्शन में आयोजित यह उत्सव ध्रुपद, भारत की सबसे पुरानी जीवित हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत शैली को एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि थी। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र को विशेष धन्यवाद दिया जाता है, जिसके अटूट समर्थन ने इस उत्सव को जीवंत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शाम की शुरुआत प्रतिष्ठित कलाकारों और व्यक्तियों को सम्मानित करते हुए तिलक समारोह से हुई।

इस कार्यक्रम को डागर अभिलेखागार संग्रहालय द्वारा आयोजित एक उत्कृष्ट कला प्रदर्शनी द्वारा और भी ऊंचा किया गया, जिसमें डागर घराने की समृद्ध विरासत को खूबसूरती से दर्शाया गया। रेनबो पैलेट फाइन आर्ट अकादमी के युवा कलाकारों ने संगीत से प्रेरित होकर लाइव पेंटिंग बनाई, जबकि कॉल प्रो प्रोजेक्ट ने शानदार दृश्य प्रक्षेपणों के साथ प्रदर्शन को बढ़ाया, जिससे इमर्सिव अनुभव में गहराई आई।

## स्कूल कैशियर ने की 25 लाख की हेराफेरी

**जयपुर।** श्याम नगर थाना इलाके में एक प्राइवेट स्कूल के कैशियर की ओर से 25 लाख रुपए की हेराफेरी करने का मामला सामने आया है। स्टूडेंट्स से लाखों रुपए की फीस वसूली कर फेक रसीद दे डाली। स्कूल के बैंक अकाउंट में जमा नहीं करवाकर आरोपी कैशियर ने धोखाधड़ी की। स्कूल प्रधानाचार्य ने कैशियर के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि श्याम नगर के निर्माण नगर स्थित प्राइवेट स्कूल की प्रधानाचार्य मधुकांता ने मामला दर्ज करवाया कि उनके स्कूल में कैशियर के पद पर रणजीत सिंह गुर्जर तैनात था। स्कूल ऑफिस में फीस वसूलने की आरोपी की जिम्मेदारी थी। पेरेंट्स से स्कूल फीस वसूलने के बाद स्टूडेंट्स के अकाउंट में चढ़ाकर स्कूल के बैंक अकाउंट में जमा करवानी थी। आरोप है कि 17 मार्च को जांच करने पर पता चला कि कुछ स्टूडेंट्स के नाम फीस डिफॉल्टर सूची से गायब थे। फीस डिफॉल्टर होने के बावजूद उनके नाम की रिपोर्ट नहीं की गई थी। उनके पेरेंट्स को बुलाने पर फीस जमा कराने देने के

# शंखनाद के साथ प्रेमभाया महोत्सव का श्रीगणेश

**जयपुर।** ढूंढाड़ की विरासत का पर्याय बना श्री प्रेमभाया महोत्सव शीतलाष्टमी से शुरू हो गया। इस त्रिदिवसीय भक्ति संगीत समारोह का श्रीगणेश चांदपोल बाजार के जयलाल मुंशी का रास्ता स्थित युगल कुटीर में प्रेमभाया सरकार के पंचामृत अभिषेक के साथ हुआ। विद्वानजनों और भक्तों ने वेद मंत्रोच्चार, शंखनाद और जयकारों के साथ ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक किया। शाम को दीपावली की तरह सजे जयलाल मुंशी का रास्ता में भव्य पांडाल और खुले आसमान के नीचे भक्ति संगीत समारोह प्रारंभ हुआ। श्री प्रेमभाया सरकार का इस मौके पर फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। भक्ति संगीत समारोह में दीपक शर्मा ने रिद्धि सिद्धि रा भरतार नित की लाडू खावै छै, गढ़ गणेश छै नाम बैठ्या मौज उड़ावै छै... गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का मंगलाचरण किया। कुमार गिर्राज ने घनश्याम म्हारा हिवड़ा मं रम जाओ जी घनश्याम..., गोपाल सैन ने नैय्या पार लगाज्यो जी सांवरिया म्हाने भूल बिसर मत जाज्यो....रचना सुनाकर भक्त की भगवान से करुण पुकार को स्वर दिया। गोपाल सिंह राठौड़ और पूजा राठौड़ ने म्हारी लैरा लाग्यो आवै छै यो मुरली

■ **भक्त युगलजी की ढूंढाड़ी भाषा में गाई भक्ति रचनाओं को अपनी आवाज में सुनाकर जयपुर की साढ़े आठ दशक पुरानी विरासत को साकार किया**

हालों श्याम भजन से ठाकुरजी की भक्त वत्सलता का शाब्दिक चित्रण किया। हीना सेन ने ओ रे नन्द बाबा ने खिज्यो रे बैठ कदम की डार कान्हो चीर चुरावै रे..., ईश्वर शरण शास्त्री, तुषार शर्मा, शालिनी शर्मा, कार्तिकेय सहित अन्य भजन प्रवाहकों ने भक्त युगलजी की ढूंढाड़ी भाषा में गाई भक्ति रचनाओं को अपनी आवाज में सुनाकर जयपुर की साढ़े आठ दशक पुरानी विरासत को साकार कर दिया। समाज के सभी क्षेत्रों के आम और खास लोगों ने एक जाजम पर बैठकर भक्ति सरिता में डुबकी लगाई। वहीं, विभिन्न मंदिरों के संतों-महंतों ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई। रंग-बिरंगी रोशनी में सजे जय लाल मुंशी का रास्ता में भजन संध्या का दौर पूरी रात चला। समिति के अध्यक्ष विजय



किशोर शर्मा ने बताया कि शनिवार को दिन में विभिन्न महिला मण्डलों की महिलाएं गुणगान करेंगी। रात्रि 8 बजे से संपूर्ण रात्रि पुन: भक्ति संगीत रहेगा ।

## मदन राठौड़ की अध्यक्षता में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आज

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की अध्यक्षता में शनिवार सुबह 11 से 4 बजे तक अपेक्षित प्रतिनिधियों का होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने बताया कि टोंक रोड स्थित इंटरटेनमेंट पैराडाइज के सेंट्रल हॉल में आयोजित होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का निरीक्षण किया और आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के बाद आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी और व्यवस्था टोली प्रमुख उपस्थित रहें।

पारीक ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में भी बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मदन राठौड़ की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी।

## सार-समाचार

### मंजीरा : तेरह ताल नृत्य प्रस्तुत में दिखा भक्ति, कला और ताल का अनूठा संगम




**जयपुर।** राजस्थान की समृद्ध लोकनृत्य परंपरा का जीवंत दर्चन गुरुवार को रामकृष्ण ममर्न पररसर में हुआ। यहां राजस्थान डेल्फिक काउंमसल और रामकृष्ण ममर्न जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोल्जत 'मंजीरा-तेरह ताल नृत्य प्रस्तुमत' में मंजीरों की झंकार ने कार्यक्रम को सुरमयी बना दिया। इस आयोजन ने न केवल पारंपरिक नृत्य और संगीत का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं डेल्फिक काउंसिल राजस्थान की अध्यक्ष श्रेया गुहा, डेल्फिक काउंसिल के सचिव एवं जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी और रामकृष्ण मिशन के स्वामी देव प्रभानन्द द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर गुहा ने कहा दक राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को सहेजना और नई पीढी से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है।

### भक्तिभाव से शीतला माता की पूजा की

**जयपुर।** बास्योड़ा पर्व शुक्रवार को विभिन्न योग-संयोग में भक्तिभाव से मनाया गया। सूर्यादय से पूर्व ही महिलाएं ने समूह में शीतला माता के मंदिर पहुंची। रात को पानी भरकर रखे मिट्टी के मटके के ठंडे जल से माता का अभिषेक कर हल्दी से तिलक किया। चावल, हलवा, राबड़ी, घाट, गुंजिया, सकरपारे, पूड़ी, पापड़ी, पुए, पकौड़ी, मूंगथाल सहित गुरुवार को बनाए ठंडे व्यंजनों का भोग लगाकर परिवार पर आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना की। शीतला माता की पूजा-अर्चना के बाद पूरे घर में ठंडे पानी के छींटे दिए। घर के सभी सदस्यों पर भी छींटे देकर चरणामृत दिया और हल्दी का तिलक किया। शीतलाष्टमी पर्व पर दिन भर चूल्हा नहीं जला। लोगों ने दोनों समय ठंडा भोजन ही ग्रहण किया।

### बिना मैचिंग किये पहला लिवर ट्रांसप्लांट




**जयपुर।** चिकित्सा विज्ञान की तरक्की ने जहां उन्नत तकनीकें ईजाद की है, वहीं उपचार को आसान बना दिया है। नतीजतन उपचार की सफलता दर भी बढ़ गई है। हाल ही में महात्मा गांधी अस्पताल के सेंटर फॉर डाइजेस्टिव साइंसेज के लिवर ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ टीम को ऐसी ही एक उल्लेखनीय सफलता मिली है। मामला राज्य के पहले एबीओ इनकंपिटिबल लिवर ट्रांसप्लांट का है। खास बात ये है कि एक जरूरतमंद लिवर की खराबी वाले गंभीर रोगी को अन्य ब्लड ग्रुप के डोनर के प्राप्त लिवर लगाया गया। जो कि पूरी तरह सफल भी रहा। इसके साथ ही उन रोगियों के लिए भी जीवन की राह खुल गई है जिनके पास मैचिंग ग्रुप का डोनर नहीं है। यह करिश्माई उपचार करने वाले सुप्रसिद्ध लिवर तथा एच पी बी सर्जरी विशेषज्ञ डॉ नैमिष एन मेहता ने बताया कि बूरथल निवासी 44 वर्षीय मदन गोपाल मीना को पिछले डेढ़ वर्ष से पीलिया की वजह से बार बार अस्पताल में भर्ती होना पड़ता था। उन्हें पेट में पानी भरने, बार बार बेहोशी जैसी शिकायत थी। स्थिति लिवर फेलियर तक पहुंच गई थी। रोगी को जब बेहोशी की हालत में महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया तो पता लगा कि उनकी जान अब लिवर प्रत्यारोपण से ही बचाई जा सकती है।

### एक असफलता हमारे भविष्य की सफलता को तय नहीं करती : सिन्हा



**जयपुर।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर ने दूसरा "हेल्थ एंड हैप्पीनेस कॉन्क्लेव, अलायंस फॉर हैप्पीनेस इन एकेडमिक्स " का आयोजन किया। इसका उद्देश्य शैक्षिणक संस्थानों में खुशी और कल्याण को बढ़ावा देना था। इस कॉन्क्लेव में अंबिका सिन्हा (ग्लोबल एचआर लीडर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स) और शोभा शेखर (माइंडफुलनेस टीचर) जैसे विशिष्ट पैनलिस्ट शामिल हुए। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर के निदेशक डॉ. प्रभात पंकज ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया । डॉ. प्रभात ने यह भी समझाया कि "हैप्पीनेस लैबोरेटरी" में चक्रों के संरेखण ने छात्रों को तनाव कम करने में कैसे मदद की। कार्यक्रम में अंबिका सिन्हा ने जीवन के संघर्षों और खुशियों के बारे में बात की और बताया कि यह इस पर निर्भर करता है कि हम उन्हें कैसे देखते हैं और उन पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं। जीवन हर किसी को अनगिनत अवसर देता है, और एक असफलता को कभी भी अंतिम निर्णय नहीं मानना चाहिए। यदि जीवन कोई चुनौती पेश करता है, तो घबराने के बजाय हमें साहस और दृढ़ संकल्प के साथ उसका सामना करना चाहिए। असली विकास सफलता के पीछे भागने में नहीं, बल्कि चुनौतियों को अपनाने में है, क्योंकि यही हमें मजबूत बनाती हैं और वास्तविक उपलब्धियों तक ले जाती हैं।

### 10 क्विंटल भोजन सामग्री गौशालाओं-कच्ची बस्तियों में पहुंचाई

**जयपुर।** बास्योड़ा पर शीतला माता को अर्पित करीब दस क्विंटल व्यंजनों को पानी में गीला होकर गलने से बचाकर जरूरमंदों तक पहुंचाया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार का महिला मंडल की ओर से चलाए गए समझाइश अभियान का सकारात्मक असर दिखा। मानसरोवर, मुहाना, झोटवाड़ा, मुरलीपुरा सहित अन्य स्थानों पर गायत्री परिवार की महिलाएं टोलियां बनाकर मंदिर पहुंची। महिलाओं ने उन मंदिरों पर ध्यान दिया जहां शीतला माता पर अर्पित सामग्री को लेने के लिए कुम्हारिन नहीं आई थी। मानसरोवर और मुहाना के करीब चालीस मंदिरों में नीलम वर्मा की अगुवाई में राजलता, विमला मुद्गल,गीता देवी, कृष्णा शर्मा, ममता, कैलाशी देवी, प्रभा सहित महिलाओं ने इस कार्य में सहयोग किया। वैशालीनगर में मनीषा गर्ग, झोटवाड़ा में कामिनी शर्मा ने अलग-अलग टोलियां बनाकर कार्य किया।



## World Day of Metta

World Day of Metta is all about spreading love and kindness to everyone. Inspired by the Buddhist practice of Metta, which means 'loving-kindness,' this day encourages people to nurture unconditional compassion, no matter who they're thinking about. Participants are invited to practice kindness in their daily lives, considering not just loved ones but even strangers and those they disagree with. It's a day to look beyond differences and aim for empathy, no matter the challenges. The goal is to create a ripple effect of peace and understanding worldwide.




### #WORLD WATER DAY 2025

# Preserving Glaciers for a Sustainable Future

The responsibility for glacier preservation extends beyond governments and scientists. Individuals can contribute by reducing carbon footprints, conserving water, and supporting climate-conscious initiatives.



Every year on March 22, World Water Day highlights water-related challenges and advocates for sustainable water management. The theme for 2025, 'Glacier Preservation,' underscores the urgent need to protect the world's glaciers, which are melting rapidly due to climate change. These frozen reservoirs hold 70% of the world's freshwater, playing a crucial role in maintaining river systems, sustaining agriculture, and supporting millions of lives. However, as global temperatures rise, glaciers are vanishing at an alarming pace, threatening water security, ecosystems, and climate stability.



## Glaciers: The World's Natural Water Towers

Glaciers act as natural water towers, gradually releasing freshwater into rivers and lakes, ensuring a steady supply for drinking, irrigation, and hydropower. Mountain ranges such as the Himalayas, Andes, Alps, and Rockies are home to vital glaciers that feed major rivers, including the Ganges, Yangtze, and Colorado Rivers. Their retreat threatens communities reliant on seasonal meltwater, particularly in regions with limited alternative sources. Studies from NASA and the United Nations indicate glaciers are melting twice as fast as in the 1990s, with the Himalayas projected to lose up to 75% of their ice by 2100.

## The Consequences of Glacier Loss

One of the most immediate threats of glacier loss is water scarcity. Initially, rapid melting may lead to excessive flooding, but as ice reserves diminish, long-term shortages will follow, impacting agriculture and drinking water supplies. Additionally, melting ice sheets in Greenland and Antarctica contribute to sea level rise, endangering coastal cities such as New York, Mumbai, and Jakarta. The loss of glaciers also disrupts global weather patterns, fueling extreme climate events like hurricanes, heatwaves, and erratic rainfall. Beyond human consequences, glacial melt threatens fragile ecosystems, forcing species to migrate or face extinction.

## Efforts to Preserve the World's Glaciers

Governments, scientists, and conservationists are implementing strategies to combat glacier loss. Reducing carbon emissions remains the most crucial step, as rising temperatures accelerate ice loss. Countries are urged to uphold the Paris Agreement's goal of limiting global warming to 1.5°C. In the Himalayas, artificial glaciers, such as Ice Stupas, store winter ice for summer use. Sustainable tourism and afforestation projects help regulate water flow and prevent erosion, while satellite technology and AI are being used to monitor glacier movement and predict future losses.

## The Role of Individuals in Glacier Conservation

The responsibility for glacier preservation extends beyond governments and scientists. Individuals can contribute by reducing carbon footprints, conserving water, and supporting climate-conscious initiatives. Public awareness and advocacy are equally powerful in pressuring policymakers to take action.

## A Call for Global Action

As we observe World Water Day 2025, it is clear that glacier preservation is about more than just saving ice, it is about securing freshwater, preventing climate disasters, and ensuring ecological balance. The urgency of this crisis calls for immediate action, collaboration, and innovation. If glaciers continue to vanish, the consequences will be irreversible, affecting life across the planet. However, with collective effort, a sustainable future remains within reach, where glaciers continue to sustain communities and ecosystems worldwide.



After the debriefing was over, Omi Taneja said the performance of Handa's formation was unacceptable. He ordered the formation to attack Sargodha in broad daylight at 0945 hrs! This was a most unexpected order because there would be no cover of darkness for the inbound leg and the alerted defences would give us a hearty reception. The chances of being intercepted by enemy fighters and shot down were very bright, but orders were orders, and we had to obey.

# The first abortive mission

PART:2




THIS IS A PAINTING BY DEB GOHAIN. HE HAS BEEN AN AIR FORCE PILOT AND, AS OTHER PILOTS OF THE FORCE, REMEMBERS THIS OPERATION WITH REVERENCE. HE HAS A COLLECTION OF PAINTINGS OF VARIOUS FORCES' ACTIONS THAT ARE A PART OF OUR HISTORY AND DUE TO HIM, NOW, WE HAVE ANOTHER DIMENSION TO REVERE THEM.

## #TIGERS OVER SARGODHA



Air Marshal Philip Rajkumar (Retd)

We synchronised watches and the briefing ended at 5 A.M. Some biscuits and tea had been served during the briefing by junior pilots, who were not part of the formation. I quickly loaded my revolver and stuffed it into my flying suit along with some Pakistani currency. These items were to facilitate escape in case of being shot down! I strapped on my back parachute, picked up my flying helmet and checked that everything was in order. Dry mouthed, I started walking in the inky night to the pen where my aircraft was parked, when the air raid siren went off and the anti aircraft guns started to fire the by now familiar red tracer shells.

It was a clear starlit sky and I picked out a moving pinpoint of light overhead and quickly realised that it was a passing satellite at a height of a couple of hundred miles but our gunners did not know that! They kept up a barrage of fire for a few minutes. I jumped into a nearby trench and waited for the all clear to sound when I heard Omi's aircraft, which was parked close to where my aircraft was, start up. I flashed the torch on my watch and it was already 0518 hrs, only 10 minutes to go for take off! I ran to my aircraft (IA1334), climbed into the cockpit, started the engine and while it was revving up, I strapped up and caught up with the other 11 aircraft, which were ghostly shapes on the taxi track. Omi and his four aircraft lined up and took off on time followed by Denny and his four.

As Handa rolled on to the runway followed by his wingman Flt Lt Darshan Singh Brar, I saw the two standby aircraft with their engines running parked to one side of the take off point. My sub-section leader Flt Lt Dilmohan Singh 'Kay' Kahai took up position behind Handa and Handa began his take off. I suddenly saw one of the standby pilots Sqn Ldr Devayya move on to the runway and began rolling in front of Kay. The second bomb dropped by the PAF B-57, the previous night, had exploded to one side of the runway about 1500 yards from where we began rolling. A lot of mud was lying on the runway and the jet wake of the preceding aircraft had created a dense dust cloud. As I raised the nose wheel at about 140 mph, I entered the dust cloud and lost all visual reference.

After about three or four seconds, I emerged from the cloud ready to lift off when I saw this enormous Mystere filling my front windshield. Devayya, who had no business to be in the formation as no one had dropped out, had drifted into my half of the runway and I was about to collide with him! Fortunately, for me, the Mystere had a characteristic, which I knew about, of yawing to the right if one attempted to get it off the ground before it was ready to fly off on its own. I did exactly that and the heavily laden aircraft yawed and staggered into the air. I quickly raised the wheels to reduce drag and concentrated on staying in the air. The aircraft accelerated slowly, and after what seemed an eternity, I had things under control but I had lost sight of Kay's aircraft.

I headed North-west for the Beas river bridge in the hope of spotting the formation but it was an impossible task in the darkness as all aircraft were flying with their navigation lights switched off. I consumed fuel and returned to base with my bombs. About 20 minutes after I landed, the formation returned. Devayya was missing and Handa's formation had missed the target due to a navigational error in the darkness and had returned to base with their bombload.

After the debriefing was over, Omi Taneja said the performance of Handa's formation was unacceptable. He ordered the formation to attack Sargodha in broad daylight at 0945 hrs! This was a most unexpected order because there would be no cover of darkness for the inbound leg and the alerted defences would give us a hearty reception. The chances of being intercepted by enemy fighters and shot down were very bright, but orders were orders, and we had to obey.

**To be continued...**

rajeshsharma1049@gmail.com



Sqn Ldr Sudharshan Handa.

Pen Pictures Of The 13 Air Warriors Who Struck Sargodha on 07 September 1965. The 13 pilots of No 1 Squadron, based at Adampur in Punjab, attacked the heavily defended Pakistan Air Force base at Sargodha at dawn on 07 September 1965. They flew in three formations of four aircraft each as shown.






Flt Lt Dilmohan Singh Kahai being awarded the Vir Chakra by President Radhakrishnan in late 1965.

## RED FORMATION

### Sqn Leader Patrick Russel 'Paddy' Earle



Paddy Earle as born in 1930 and was commissioned in the flying branch of the IAF with the 53rd Pilots Course in October 1950. After the Sargodha mission, during a ground attack mission in the Khem Karan sector on 10 September 1965, his aircraft was severely damaged by ground fire, but with extraordinary courage and skill, he nursed his crippled aircraft back to base at Adampur. He was awarded a well-deserved *Vayu Sena* Medal (Gallantry). He took over command of No 8 Squadron just after the war and moved the unit to Ambala. He handed over the squadron in 1968 and took voluntary retirement from the IAF in 1969. He and his family emigrated to Australia in 1971, where he joined the civil aviation department and served for many years. He passed away at age 86 in 2016. He is survived by his wife Bernadette (Bunny) Earle, three daughters, a son, seven grandchildren and four great grandchildren.


## WHITE FORMATION

### Flight Lieutenant Dilmohan Singh 'Kay' Kahai




Kay graduated from the National Defence Academy and was commissioned in the fighter stream with the 70th Pilots Course. He flew Toofanis with No 4 squadron at Kalaikunda before converting to Mysteres wth No 1 Squadron. Kay flew several more missions after the Sargodha raid and was awarded the *Vir Chakra* for gallantry. He underwent the Flying Instructor's course and spent time as a flying instructor at the IAF academy. As a Wing Commander, he commanded No 14 Squadron equipped with Hunter 56 aircraft at Kalaikunda. On promotion to the rank of Group Captain, he was posted as the Chief Operations Officer at Adampur and retired prematurely at his own request in August 1987. Kay is married to Shivinder and lives in Noida, UP. They have two daughters.

### Squadron Leader Sudharshan 'Handu' Handa



Handu was commissioned as a fighter pilot with the 64th Pilots Course and flew Vampires with No 101 Squadron in Assam. He qualified as a Pilot Attack Instructor before joining No 1 Squadron and converting on to the Mystere IVA aircraft. During the dawn attack on his formation, he was unable to find the target in the darkness. Ordered to go back in broad daylight, he led the most successful attack of the entire war accounting for four enemy aircraft and several vital installations destroyed. All four aircraft returned safely to base. Even the Pakistan Air Force history acknowledges the audacity of this daylight attack. Later, he commanded No 47 Squadron equipped with Mig-21 aircraft and did an instructional tenure with the Iraqi Air Force in the late 1970s. He retired in the rank of Air Commodore in 1993. Handu was married to Nimmi and they had four children Reeta, Neena, Rajesh and Poonam. Handu passed away in November 2011 and Nimmi in September 2019. Rajesh is a commercial airline Captain with Indigo Airlines.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



